# वित्त समिति की बैठक हेतु प्रस्ताव
## 16.09.2017

### प्रस्ताव – 1 स्वशासी विभाग में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर के मानदेय में वृध्दि का प्रस्ताव।

महाविद्यालय के स्वशासी प्रकोष्ठ में वित्त समिति एवं तात्कालिक प्राचार्य के सहमति से 8000/– रु. प्रतिमाह मानदेय पर नियुक्त कम्प्यूटर आपरेटर के मानदेय में कार्य की अधिकता को देखते हुए 15,000/– रु. प्रतिमाह दिया गया था परंतु पुनः पूर्व प्राचार्य द्वारा इसे 12,000/– कर दिया गया था। किंतु परीक्षा संबंधी गोपनीय कार्य के निष्ठापूर्वक संपादन को देखते हुए पुनः 15,000/– करने का प्रस्ताव प्रस्तुत।
निर्णय– प्रस्ताव पर पुर्नविचार किये जाने की अनुशंसा की गई।

### प्रस्ताव – 2 आंतरिक मूल्यांकन हेतु शुल्क रखने के संबंध में विचार।
स्वशासी विभाग में सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत प्रति सेमेस्टर दो आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाएं कराने का प्रावधान है। आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के लिए छात्राओं से कोई भी शुल्क नहीं लिया जाता है। वर्तमान समय में स्वशासी विभाग में आंतरिक मूल्यांकन हेतु होने वाला व्यय अनुमानतः 2 लाख रु(प्रति मूल्यांकन परीक्षा) है। अतः प्रति सेमेस्टर आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के व्यय को देखते हुए आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा शुल्क 50/– रखने का प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत है। यह शुल्क प्रवेश के समय लिया जावेगा।
निर्णय– प्रस्ताव पारित।

### प्रस्ताव – 3 वर्ष 2016–17 का आय–व्यय तथा तथा 2017–18 का अनुमानित बजट
अवलोकनार्थ व विचारार्थ प्रस्तुत है।
निर्णय– प्रस्ताव स्वीकृत।

### प्रस्ताव – 4 <u>स्वशासी विभाग मं सहायक परीक्षा नियंत्रक रखने संबंधी प्रस्ताव</u>
सत्र 2016–17 में पूर्व प्राचार्य द्वारा स्वशासी विभाग में परीक्षा संबंधी कार्य की अधिकता को देखते हुए 02 अधिकारियों को रखा गया था जिन्हें सहायक परीक्षा नियंत्रक का मानदेय प्रदेय था। स्वशासी प्रणाली के अंतर्गत महाविद्यालय की शासी निकाय के द्वारा स्वशासी परीक्षा विभाग में केवल 04 पद सहायक परीक्षा नियंत्रक के स्वीकृत है। अतः वित्त समिति से नये पद स्वीकृत करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत है इस संदर्भ में उल्लेखिय है कि स्वशासी विभाग में तृतीय एवं चतुर्थ के श्रेणी कर्मचारियों की आवश्कता है।
निर्णय– प्रस्ताव अस्वीकृत।

Autonomous In-charge

प्राचार्य
शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)